# ट्रेड शो से 4000 करोड़ का कारोबार तो 2500 बैठकें देंगी अरबों के ऑर्डर

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में हर जिला बता रहा अपने-अपने उत्पादों की कहानी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) के तीसरे संस्करण में हर जिला अपनी कहानी बयां कर रहा है। ओडीओपी के जरिये जिलों की पहचान के साथ ही 'लोकल से ग्लोबल' की झलक इस मेले में देखी जा सकती है। ट्रेड शो में परंपरा, नवाचार और उत्कृष्टता का संगम एक ही छत के नीचे मौजूद है। महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह स्टार्टअप्स, डिजाइनर्स और अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों को साझा मंच मिला है। पांच दिन के ट्रेड शो में 4000 करोड़ रुपये का कारोबार होने और पांच लाख लोगों के आने की संभावना है।

यूपीआईटीएस में 85 से अधिक देशों के 500 से अधिक विदेशी खरीदार भाग लेने पहुंच चुके हैं। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, जापान, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जैसी प्रमुख देश शामिल है। एक दर्जन शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े अंतिम वर्ष के छात्रों और पूर्व छात्रों को फ्रेंचाइजी मॉडल्स, टेक्नोलॉजी-आधारित बिजनेस, एग्रीटेक, हेल्थटेक और अन्य स्टार्टअप बिजनेस आइडियाज से जोड़ा जाएगा।

शुक्रवार को 'रूस–इंडिया बिजनेस डायलॉग' की शुरुआत होगी। इसका उद्देश्य भारत और रूस के बीच व्यापारिक और आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाई पर ले जाना, तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देना और संयुक्त उपक्रमों को प्रोत्साहित करना है। प्रदेश में चल रही औद्योगिक नीतियों और मेगा प्रोजेक्ट्स में रूस की कंपनियों की भागीदारी से रोजगार और विकास के अवसर और बढ़ेंगे।



यूपीआईटीएस के उद्घाटन समारोह में पीएम मोदी के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ। -एजेंसी

### मुख्य आयोजन

- प्रदेश के 77 में से 60 जीआई उत्पादों का प्रदर्शन ट्रेड शो में
- 27 को सीएम युवा और 27 शैक्षिक संस्थानों के बीच एमओयू
- टेक्नोलॉजी और फ्रेंचाइजी मॉडल्स के 150 से अधिक स्टॉल्स
- 75 जिलों के सीएम युवा फेलोज देंगे ब्रांड्स की जानकारी
- अंतर्राष्ट्रीय खादी फैशन शो
- 2500 से अधिक बी-2-बी बैठकें
- अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के साथ 2000 से अधिक विक्रेताओं का सीधा कनेक्ट

## मोदी ने बचत का गणित समझाया

प्रधानमंत्री ने ट्रेश शो में जीएसटी सुधारों के असर को उदाहरण देकर समझाया। कहा, 2014 में टूथपेस्ट, शैंपू, हेयर ऑयल व शेविंग क्रीम पर 100 रुपये पर 31 रुपये कर था, जिससे बिल 131 रुपये हो जाता था। 2017 में जीएसटी से कीमत 118 रुपये हो गई। संशोधित दरों के बाद अब बिल 105 रुपये रह गया है। पीएम ने कहा कि पहले जहां एक लाख रुपये खर्च करने वाला परिवार 25,000 रुपये टैक्स चुकाता था। आज, वह 6,000 का टैक्स देता है। किसानों के लिए ट्रैक्टर जैसी जरूरी चीजों पर भी टैक्स कम किया गया है।

## एनपीसीएल ने लगाए तीन हाईस्पीड चार्जिंग स्टेशन

तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन बाजार को ध्यान में रखते हुए नोएडा पॉवर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) ने ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के सहयोग से तीन हाईस्पीड चार्जिंग स्टेशन शुरू किए हैं। इंडिया एक्सपो मार्ट के आसपास नॉलेज पार्क-2, नॉलेज पार्क-3 और शास्त्री हॉस्पिटल के पास स्थापित इन स्टेशनों की कुल क्षमता 540 किलोवाट है।

## अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने टटोलीं अयोध्या-काशी में संभावनाएं

लखनऊ। प्रदेश की औद्योगिक शक्ति को वैश्विक पटल पर प्रदर्शित करने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार से शुरू यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में इन्वेस्ट यूपी के पवेलियन में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने यूपी की नीतियों और निवेश परियोजनाओं को देखा और समझा। आयोजन में 80 देशों से आए 550 से अधिक खरीदार और प्रदेश के सभी जिलों से आए 2250 प्रदर्शकों ने भाग लिया। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने इन्वेस्ट यूपी पवेलियन का दौरा कर निवेशकों से भेंट की। उन्होंने राज्य के अनुकूल निवेश माहौल, मजबूत प्रोत्साहन योजनाओं और निवेशक-हितैषी नीतियों को साझा कर लाभकारी निवेश की गारंटी दी। इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरण आनंद और अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। इस दौरान प्रदेश की प्रगतिशील नीतियों, सुधारों और निवेशकों के लिए विशेष सुविधाओं की जानकारी दी गई।